# ग्वालियर-भिंड ट्रेन में चली चेकिंग अवैध वेंडिंग पर कार्रवाई

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 4 अप्रैल।** रेल प्रबंधक झाँसी अनिरुद्ध कुमार के मार्गदर्शन एवं मंडल वाणिज्य प्रबंधक अमन वर्मा के निर्देशन में बिना टिकट यात्रियों एवं अवैध वेंडिंग की रोकथाम के लिए ग्वालियर-भिंड रेलखंड तथा ट्रेनों में विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया।

इस अभियान के दौरान बिना टिकट यात्रा करने वाले, अनियमित रूप से यात्रा करने वाले, धूम्रपान करने वाले, गंदगी फैलाने वाले यात्रियों के साथ-साथ अवैध वेंडिंग करने वालों के विरुद्ध विशेष रूप से सघन कार्रवाई की गई। दिन भर चले



इस अभियान में कुल 12 मामलों से 3540 से अधिक रेल राजस्व वसूल किया गया। इस अभियान का नेतृत्व सहायक वाणिज्य प्रबंधक आर.के.वर्मा द्वारा किया गया, जिसमें मुख्य वाणिज्य निरीक्षक रूप सिंह मीना द्वारा अहम भूमिका निभाई गई। रेल प्रशासन द्वारा निरंतर अवैध वेंडिंग एवं टिकट संबंधी अनियमितताओं के विरुद्ध ऐसे अभियान निरंतर जारी रहेंगे।

# सूरज कुण्ड को स्वच्छ और सुंदर बनाने की चली मुहिम

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 4 अप्रैल।** जल संरक्षण व संवर्धन के लिये मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा अनुसार सम्पूर्ण प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरचनाओं को सरक्षित करने एवं संवारने का कार्य किया जा रहा है। ग्वालियर दुर्ग पर स्थित ऐतिहासिक सूरज कुण्ड को स्वच्छ और सुंदर बनाने के उद्देश्य से प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के नेतृत्व में शनिवार को प्रशासनिक अधिकारियों, सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों, गुरुद्वारा प्रबंध समिति के सदस्यों और नागरिकों ने सूरज कुण्ड की सफाई का कार्य विशेष अभियान चलाकर किया। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के नेतृत्व में सूरज कुण्ड की काई को साफ करने के लिये सभी लोगों ने मिलजुलकर प्रयास किए। सभी लोगों के सहयोग से सूरज कुण्ड की सफाई का अभियान चलाकर कार्य किया गया। नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय के नेतृत्व में निगम का अमला मय संसाधनों के विशेष सफाई अभियान में लगा रहा। सूरज कुण्ड की सफाई अभियान में जनप्रतिनिधियों, गुरुद्वारा प्रबंध समिति के सदस्यों, नगर निगम के अधिकारियों व कर्मचारियों ने मिलकर सूरज कुण्ड की सफाई का कार्य किया। नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय ने इस मौके पर बताया कि नगर निगम के माध्यम से शहर के सभी वार्डों में जल संरक्षण के कार्य को हाथ में लिया गया है। ग्वालियर में स्थित ऐतिहासिक बावड़ियों को साफ करने का कार्य भी किया जा रहा है।



# टीईटी के विरुद्ध अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा की बैठक आयोजित

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 4 अप्रैल।** जिले के समस्त अध्यापक शिक्षकों की एक महत्वपूर्ण बैठक गाँधी पार्क फूलबाग में की गई। बैठक में संयुक्त मोर्चा के राकेश नायक, राजीव पाठक, अरविंद दीक्षित, राजेश मिश्रा, लक्ष्मी नारायण जाटव, रहीश गौरी, निरंजन गुर्जर, अरुण प्रताप सिंह, विवेक चौरसिया, सरिता शर्मा, नीतू तोमर, हिम्मत सिंह यादव आदि ने अपने अपने विचार रखे। बैठक में निर्णय लिया गया कि संयुक्त मोर्चा में प्रत्येक संगठन की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी तथा संयुक्त मोर्चा की मजबूती के लिए प्रत्येक संगठन का संभागीय अध्यक्ष मोर्चा में संभागीय संयोजक तथा जिलाध्यक्ष संयुक्त मोर्चा में जिला संयोजक एवं ब्लाक अध्यक्ष संयुक्त मोर्चा में ब्लाक संयोजक के रुप में पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ बिना किसी भेदभाव के अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए शिक्षक हित में कार्य करेंगे। जिला संयोजक लक्ष्मी नारायण जाटव ने बताया कि शिक्षकों के लिये टीईटी अनिवार्यता सम्बंधी सर्वोच्च न्यायालय के अव्यावहारिक फैसले के अनुक्रम में आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय मध्यप्रदेश भोपाल के आदेश 2 मार्च को रद्द कराने तथा सुप्रीम कोर्ट के आदेश 01/09/2025 के विरुद्ध पुनर्विचार याचिका दायर करने तथा मध्यप्रदेश के शिक्षकों को प्रथम नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता की माँग को लेकर समस्त शिक्षकों ने अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा ग्वालियर के बैनर तले जिला स्तर पर 8 अप्रैल को सायं 4:30 बजे अलकापुरी तिराहा ग्वालियर से कलेक्टर कार्यालय पहुंच कर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन दिया जायेगा।



# ग्वालियर लॉबी में संरक्षा संवाद का आयोजन

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 4 अप्रैल।** ग्वालियर लॉबी में संरक्षा को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से संरक्षा संवाद का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य क्रू नियंत्रक, रनिंग रूम इंचार्ज ग्वालियर एवं मुख्य कर्मचारी एवं कल्याण निरीक्षक सहित कुल 4 क्रू लॉबी इंचार्ज, 11 लोको पायलट एवं 18 सहायक लोको पायलट उपस्थित रहे। संरक्षा संवाद के दौरान संचालन से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

विशेष रूप से (सिग्नल पास्ड डेंजर ) की घटनाओं का विश्लेषण करते हुए ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने हेतु आवश्यक सावधानियों एवं उपायों पर जोर दिया गया। इसके अतिरिक्त, कर्मचारियों को इगोट कर्मयोगी प्लेटफॉर्म के संबंध में जानकारी प्रदान की गई तथा प्रशिक्षण एवं आत्म विकास में इसकी उपयोगिता को समझाया गया।

क्रू सदस्यों को क्वालिटी रेस्ट एवं इफेक्टिव कॉल आउट के महत्व पर भी विस्तार से अवगत कराया गया, जिससे सुरक्षित एवं सुचारु ट्रेन संचालन सुनिश्चित किया जा सके। संवाद के दौरान शंटिंग कार्य करते समय बरती जाने वाली सावधानियों पर भी चर्चा की गई। साथ ही, उपस्थित क्रू सदस्यों द्वारा अपनी समस्याएं एवं सुझाव साझा किए गए, जिनके समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों द्वारा आश्वासन दिया गया।

# जेयू एवं सरदार पटेल विवि के छात्रों ने किया भ्रमण

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 4 अप्रैल।** जीवाजी विश्वविद्यालय के प्राचीन भारतीय इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्व अध्ययनशाला के विभागाध्यक्ष प्रो. शांतिदेव सिसोदिया तथा सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी हिमाचल प्रदेश के विभागाध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार शर्मा के संयुक्त नेतृत्व में छात्र छात्राओं ने शनिवार को मितावली, पढ़ावली, बटेसर और शनिचरा मंदिर का भ्रमण किया। विद्यार्थियों ने सबसे पहले मितावली के चौसठ योगिनी मंदिर के स्थापत्य, कला के साथ सांस्कृतिक महत्व को समझा। इस



दौरान डॉ. शांतिदेव सिसोदिया ने बताया कि भारत में चार चौसठ योगिनी मंदिर हैं, जिसमें एक ग्वालियर और दूसरा भेड़ाघाट में तत्कालीन राजवंशों ने सामाजिक सहयोग से निर्मित कराये हैं। यह मंदिर केवल पूजा स्थल नहीं थे बल्कि तत्कालीन समय में शिक्षा के केंद्र बिंदु थे। इसके पढ़ावली और बटेसर के स्थापत्य कला तथा उनके धार्मिक, सामाजिक और राजनैतिक महत्व पर प्रकाश डाला।

आखिर में शनिचरा मंदिर पर शनिदेव के दर्शन किये एवं उसके महत्व को भी समझा। इस अवसर पर डॉ. रामपाल, राहुल बरैया, सामिन खान, दीपांशु, मनीष, युवराज, राहुल, वेद, विक्रम, महेश्वर, जगदीश, नीरज, शिव, कृतिका, अंजली, कल्पना, अंशिका, भुवनेश्वरी देवी, स्मृति, भुवनेश्वरी ठाकुर, डिम्पल कुमारी, खुशबू, मनीषा, एकता, उमा भारती, डोल्मा आदि शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## नवनियुक्त मंडल उपाध्यक्ष मोहन सिंह का हुआ स्वागत

**ग्वालियर 4 अप्रैल.** शहर के ओल्ड हाईकोर्ट स्थित गिरिराज महाराज एवं हनुमान मंदिर परिसर में आज भक्तिमय वातावरण के बीच विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त मंडल उपाध्यक्ष श्री मोहन सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। मंदिर समिति एवं स्थानीय नागरिकों द्वारा मोहन सिंह की नई नियुक्ति पर हर्ष व्यक्त करते हुए उनका पुष्पहारों से भव्य स्वागत किया गया। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की। स्वागत से अभिभूत होकर मोहन सिंह ने कहा कि संगठन ने जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है.

## रेलवे स्टेशन पर आज से पंजाबी परिषद के सेवकों की सुनाई देगी ठंडा पानी फ्री सेवा की आवाज

**ग्वालियर 4 अप्रैल।** पंजाबी परिषद समिति ग्वालियर द्वारा आज दिनांक 5 अप्रैल रविवार को ग्वालियर रेल्वे स्टेशन प्लेटफार्म नंबर 1,पार्सल ऑफिस के पास समय प्रात: 10.30 बजे निशुल शीतल जल सेवा का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रद्युम्न सिंह तोमर (ऊर्जा मंत्री,मध्य प्रदेश शासन ) एवं विशेष अतिथि संत श्री ऋषभदेव आनंद (महंत लाल टिपारा गौशाला) एवं महंत रामसेवक दास जी महाराज (गंगा दास की गौशाला) के द्वारा होगा जिसमें समिति के मुख्य संरक्षक कुलवीर भारद्वाज, अध्यक्ष अशोक मारवाह, प्रमिला मारवाह(जल संयोजिका), सचिव जी, के, सूरी, कोषाध्यक्ष आत्म प्रकाश मोंगिया सर्वश्री बी के आनन्द, एच सी कोचर( फूलबाग गुरुद्वारा),डॉक्टर पुरेंन्द्र भसीन (अपोलो हॉस्पिटल),, डॉक्टर राहुल सप्रा, अनिल मल्होत्रा, सी पी श्रीवास्तव एवं मीडिया प्रभारी राजू शर्मा एवं मीडिया प्रभारी राजू पंडित उपस्थित रहेंगे.

# युवा जलवायु परिवर्तन नायक ने वैश्विक जलवायु गान जारी किया

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 4 अप्रैल।** सत्रह वर्षीय लेखक और जलवायु कार्यकर्ता कर्णव रस्तोगी ने 28 मार्च को अर्थ आवर की 20वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में 'वन अर्थ वन वॉइस' नामक एक वैश्विक जलवायु परिवर्तन गान जारी किया है। यह पहल एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, क्योंकि यह पहली बार है जब सामूहिक जलवायु कार्रवाई को प्रेरित करने के लिए एक वैश्विक गान बनाया गया है।



कर्णव ग्वालियर के प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. पुनीत रस्तोगी के भतीजे हैं। 13 पुस्तकों के प्रतिभाशाली युवा लेखक और TED& वक्ता कर्णव ने जलवायु परिवर्तन के खिलाफ लड़ाई में एकता का प्रतीक बनने के लिए विभिन्न शहरों, राज्यों और देशों की आवाजों को एक साथ लाया है। यह गान इस विचार पर बल देता है कि पृथ्वी की रक्षा करना एक साझा जिम्मेदारी है जो सीमाओं से परे है।



गान के साथ जारी वीडियो में एक आकर्षक एनिमेटेड परिचय है, जिसमें 'ग्लोबो' नामक एक बच्चों के अनुकूल शुभंकर शामिल है, जिसे युवा दर्शकों को प्रेरित करने और पर्यावरण संबंधी मुद्दों के बारे में जागरूकता को सुलभ तरीके से बढ़ावा देने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

'वन अर्थ वन वॉइस' के माध्यम से, कर्णव एक सशक्त संदेश देना चाहते हैं: जलवायु कार्रवाई कुछ लोगों का नहीं, बल्कि पूरी मानवता का कर्तव्य है। हर आवाज के योगदान से, यह एंथम बदलाव के लिए एक वैश्विक आंदोलन में बदलने की आकांक्षा रखता है।

# ऊर्जा मंत्री ने सीवर लाइन का किया निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 4 अप्रैल।** ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने उपनगर ग्वालियर के वार्ड-3 एवं 4 में सीवर लाइन, सड़क, नाला निर्माण, पेयजल, साफ-सफाई एवं विद्युत व्यवस्था का घर घर जाकर निरीक्षण किया तथा स्थानीय नागरिकों से संवाद कर उनकी समस्याओं को जाना एवं अधिकारियों को समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त श्री प्रदीप तोमर सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। ऊर्जा मंत्री तोमर ने मोहिते गार्डन के सामने नाले का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान नाला कचरे



से भरा हुआ पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त की तथा नाले की शीघ्र सफाई कर एक चैंबर बनाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों के दिए। इसके साथ ही विनय नगर सेक्टर-03 में चल रहे सीवर कार्यों का निरीक्षण किया तथा स्वच्छता व्यवस्था का गहनता से अवलोकन किया। सफाई व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से सफाई ठेलों की उपलब्धता एवं आपूर्ति की स्थिति को समझा और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# कलेक्टर ने क्षेत्र में सतत संपर्क बनाए रखने के दिए निर्देश

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 4 अप्रैल।** ग्वालियर शहरी क्षेत्र में 4 अप्रैल की शाम ओलावृष्टि हुई है। ग्वालियर जिले में ओलावृष्टि की प्रारंभिक जानकारी के अनुसार केवल शहरी क्षेत्र में ही ओले गिरे हैं। ग्रामीण क्षेत्र में ओलावृष्टि की कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई है।

कलेक्टर रुचिका चौहान ने शहरी क्षेत्र में ओलावृष्टि को देखते हुए जिले के सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने क्षेत्र में सतत निगरानी रखें। कहीं पर भी ओलावृष्टि की जानकारी मिलती है तो तत्काल मौके पर जाकर स्थिति का प्रारंभिक आंकलन करें। कलेक्टर ने ग्वालियर शहर में 4 अप्रैल को ओलावृष्टि को देखते हुए जिले के राजस्व अधिकारियों को सजग रहने के निर्देश दिए हैं।

मौसम की स्थिति को देखते हुए सभी राजस्व अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में निरंतर संपर्क बनाए रखें। कहीं पर भी ओलावृष्टि की सूचना मिलती है तो तत्परता से राजस्व अधिकारी मौका मुआयना कर प्रारंभिक आंकलन करें। इसके साथ ही वरिष्ठ अधिकारियों को भी तत्परता से सूचित करें।

# कलेक्टर ने कन्या विद्यालय में छात्राओं से की चर्चा

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 4 अप्रैल।** जीवन में सफलता के लिये लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर प्रयास पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ जरूरी है। केवल पढ़ाई से ही नहीं बल्कि खेलकूद भी जीवन का महत्वपूर्ण पहलू हैं। कलेक्टर रुचिका चौहान ने

**स्कूल चलें हम अभियान के तहत भविष्य से भेंट कार्यक्रम में छात्राओं से चर्चा**

शनिवार को शासकीय उमा कन्या विद्यालय ठाठीपुर में स्कूल चलें हम अभियान के तहत भविष्य से भेंट कार्यक्रम में छात्राओं से चर्चा करते हुए यह बात कही। कलेक्टर ने छात्राओं से चर्चा करते हुए कहा कि स्कूल की पढ़ाई केवल जीवन को सफल बनाने के लिये नहीं, बल्कि एक अच्छा व्यक्तित्व निर्माण के लिये होती है। विद्यार्थियों को अपने जीवन का लक्ष्य निर्धारित कर उसे सच्ची लगन और मेहनत से प्राप्त करने के लिये संयम के साथ प्रयास करना चाहिए। कड़ी मेहनत करने वाले



कभी भी असफल नहीं होते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से यह भी कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता है। इसके लिये केवल मेहनत और लगन की आवश्यकता है।

कलेक्टर ने छात्राओं से चर्चा करते हुए उनसे अनेक प्रश्न पूछे। इसके साथ ही उन्होंने अपने अनुभव भी छात्राओं से साझा किए। स्कूल के अध्यापकों से भी उन्होंने आग्रह किया कि स्कूल के बच्चों को अच्छे से पढ़ाएं और उनकी जो जिज्ञासायें हैं उनका भी समाधान करें। कोई बच्चा अगर किसी विषय में कमजोर है तो उसे नियमित रूप से ध्यान देकर पढ़ाएं ताकि उसकी कमजोरी दूर हो सके। कलेक्टर ने सभी छात्राओं से भारत का नक्शा बनवाया। उन्होंने छात्राओं को बताया कि भारत का नक्शा इसलिये बनवाया है ताकि उन्हें मालूम हो सके कि हमारे देश में कौन-कौन से राज्य हैं और किन राज्यों में क्या-क्या विशेषतायें हैं। पढ़ाई के दौरान कई प्रश्नों के उत्तर देते समय भारत का नक्शा अगर छात्राओं ने ध्यान से बनाया और समझा है तो उत्तर देते में आसानी होती है।

# बाबू जगजीवन राम की मूर्ति अनदेखी का शिकार

दिव्यानंद अर्गल

**ग्वालियर 4 अप्रैल.** राजनीति में कुछ व्यक्तित्व ऐसे होते हैं. जिनकी गरिमा को सीमाओं में नहीं बांधा जा सकता। भारत के उप-प्रधानमंत्री, महान स्वतंत्रता सेनानी, कांग्रेस के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष और रक्षामंत्री के रूप में विख्यात बाबू जगजीवन राम एक ऐसे ही महानायक थे। ग्वालियर के फूलबाग स्थित उनकी मात्र एक प्रतिमा नहीं, बल्कि दलित समाज के

**बाबूजी की प्रतिमा दलितों का सम्मान, निर्माणाधीन एलिवेटेड रोड के नीचे उपेक्षित हो रही मूर्ति**

आत्मसम्मान और 30 वर्षों तक चले अनवरत संघर्ष का प्रतीक है। लेकिन आज, स्मार्ट सिटी की चकाचौंध और एलिवेटेड रोड के कंक्रीट के नीचे यह गौरवशाली इतिहास दबकर रह गया है।





**संघर्ष की गाथा – 1986 से 2016 तक का सफर**

ग्वालियर में बाबू जगजीवन राम की आदमकद प्रतिमा की मांग वर्ष 1986 से उठ रही थी। इस मांग को निर्णायक मोड़ पर लाने का श्रेय दलित नेताओं एवं जिला कांग्रेस एससी/एसटी प्रकोष्ठ के पूर्व अध्यक्ष गोपीलाल भारतीय को जाता है। इतिहास के पन्ने पलटें तो कुछ महत्वपूर्ण पड़ाव सामने आते हैं। 29 जून 1993 को कलेक्टर कार्यालय गोरखी पर भारतीय के नेतृत्व में एक विशाल धरना हुआ, जिसने प्रशासन की नींद उड़ा दी। उसके बाद 9 से 14 अगस्त 1993 तक राष्ट्रपति शासन के दौरान, महाराज बाड़े पर आमरण अनशन किया गया। इस अनशन के दबाव में आकर ही शासन ने मानस भवन के सामने स्थित पार्क का चयन प्रतिमा के लिए किया। 1995 को तत्कालीन प्रभारी मंत्री महेंद्र सिंह कालूखेड़ा ने भूमि पूजन किया, लेकिन अवरोधों के कारण यह कार्य 20 साल तक अधर में लटका रहा। प्रतिमा स्थापना के दौरान एक दिलचस्प मोड़ तब आया जब पास ही डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा स्थापित की गई। बाबूजी के समर्थकों ने पुरजोर तर्क दिया कि यदि वहाँ मुखर्जी जी की प्रतिमा लग सकती है, तो देश के पूर्व उप-प्रधानमंत्री की क्यों नहीं? अंतत:, भारी संघर्ष के बाद वर्ष 2015-16 में विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर द्वारा इस प्रतिमा का अनावरण किया गया।

**विकास की ऊंचाई और सम्मान की गहराई-** विडंबना देखिए, जिस प्रतिमा को स्थापित करने में तीन दशक लग गए, आज वह प्रशासनिक अनदेखी का शिकार है। ग्वालियर की राजनीति और सामाजिक समरसता के प्रतीक फूलबाग परिसर में आज एक अजीब सा सन्नाटा और उपेक्षा पसरी हुई है। शहर के सौंदर्यीकरण और विकास के नाम पर बन रही 'स्मार्ट सिटी' की एलिवेटेड रोड ने उन दो महान विभूतियों की प्रतिमाओं को ढंक दिया है, एक ओर कांग्रेस की विचारधारा से जुड़े बाबू जगजीवन राम और दूसरी ओर भाजपा की विचारधारा के पथ-प्रदर्शक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी—दोनों ही ग्वालियर की साझा विरासत हैं। यह दोनों ही नेता विपरीत राजनीतिक दलों में होने के बावजूद देश की आजादी के बाद पंडित नेहरू के नेतृत्व में बनी पहली सरकार में केंद्रीय मंत्री रहे ।

क्या प्रशासन इन प्रतिमाओं को इस अंधेरे से बाहर निकालेगा? गोपीलाल भारतीय और उनके साथियों का वह 1993 का संघर्ष क्या आज विकास की इस चकाचौंध में व्यर्थ हो जाएगा? यह केवल प्रतिमाओं का मामला नहीं है, यह ग्वालियर की उस पहचान का सवाल है जिसने हमेशा अपने संघर्षशील नायकों को पलकों पर बिठाया है।



बाबू जगजीवन राम की प्रतिमा हमारे संघर्ष की जीत थी। एलिवेटेड रोड के नीचे स्थापित प्रतिमा को उपेक्षित छोड़ देना हजारों कार्यकर्ताओं और दलितों का अपमान है. जिन्होंने इसके लिए आमरण अनशन किया था. शहर की प्रगति अनिवार्य है, लेकिन वह महापुरुषों की गरिमा को मिटाकर नहीं होनी चाहिए। प्रशासन इन प्रतिमाओं के सम्मान के लिए कोई वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करे, ताकि ग्वालियर का यह संघर्षशील इतिहास धूल न खाए ।

**गोपीलाल भारतीय, पूर्व अध्यक्ष, कॉंग्रेस जिला एससी/एसटी प्रकोष्ठ, ग्वालियर**

## टॉपर्स को सम्मानित कर हॉकी से जुडऩे का किया आह्वान

**ग्वालियर 4 अप्रैल.** दर्पण कॉलोनी एवं थाटीपुर क्षेत्र के जिंगल बेल विद्यालय, तंवर हायर सेकंडरी विद्यालय, इन्फेंट विद्यालय, साइ डिवाइन विद्यालय, एवं मॉडल कान्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल के कक्षा पांचवी एवं आठवीं के टॉपर्स छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह मॉडल कान्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल में संपन्न हुआ। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अविनाश भटनागर ने उक्त सभी विद्यालय के छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। .इस अवसर पर राकेश शर्मा, प्रदीप समाधिया, उपेंद्र जैन, मीनू गर्ग एवं प्रताप सिंह उपस्थित रहे।


Godrej कन्ज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड, मालनपुर
स्क्रेप बेचना है (जिस तथा जैसी स्थिति में)

| क्रमांक | विवरण | क्रमांक | विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | वेस्टअर्थमड | 13. | पी.वी.सी. ड्रम 300 लीटर |
| 2. | सोप झाग कलेक्टेड फाम कूलिग टावर | 14. | मिक्स फलोर स्वीपिंग टाल्क |
| 3. | ग्लास स्क्रेप | 15. | यूजलेस/ PVC बैग |
| 4. | सोप स्क्रेप परफयूमड | 16. | डेबरेज |
| 5. | सोप स्क्रेप अनपरफयूमड | 17. | केबल/वायर स्क्रेप |
| 6. | यूजलेस/डिफेक्टिव सी एफ बी | 18. | एम.एस./जी.आई. सीट स्क्रेप |
| 7. | गत्ता स्क्रेप | 19. | खाली यूजलेस ब्रिकेट्स बैग |
| 8. | कोर स्क्रेप | 20. | लकड़ी |
| 9. | पी.वी.सी. ड्रम 200 लीटर | 21. | एम.एस. स्क्रेप (जैकेटेड) |
| 10. | एम.एस. ड्रम 200 लीटर | 22. | एल्यूमीनियम स्क्रेप |
| 11. | पी.वी.सी केन 35 लीटर | 23. | एम.एस. स्क्रेप |
| 12. | पी.वी.सी. केन 50 लीटर | | |

सेम्पल देखने एवं प्राप्त करने के लिए सुबह 10 बजे से 3 बजे तक संपर्क करें
**मैनेजर परचेज,**
**गोदरेज कन्ज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड**
यू-30, इंडस्ट्रियल एरिया, मालनपुर, जिला भिण्ड (म.प्र.)
**नोट:** अनुबंध **अप्रैल 2026 से जून 2026** के लिए है. कृपया अपना प्रस्ताव (बेसिक टेक्स) निम्न पते पर केवल स्पीड पोस्ट से **8 अप्रैल 2026** से पूर्व भेजें व लिफाफे पर **MLP/SR/2026-27** अवश्य लिखें.
पोस्ट बैग नं. 3, विकरोली विलेज पोस्ट, ऑफिस मुम्बई-400079


स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा सिटी सेंटर, ग्वालियर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., सिटी सेंटर से मुद्रित. संपादक हरीश दुबे* समाचार संपादक- अनिल शर्मा, फोन-0751-4086200, फैक्स- 2343200 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार डाक पंजीयन क्रमांक 507/2008/ग्वा. RNI Reg. No. 62237/95